छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./ COE/2507/2022 दिनांक: 01 /04/ 2022

कार्यालय–ज्ञाप

दिनांक 16 मार्च, 2022 को आयोजित परीक्षा समिति की बैठक के मद सं0–2022.07.14 में समिति द्वारा की गयी संस्तुति के अनुसार ऐसे छात्र/छात्राएं जो सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम वर्ष एवं 2021 में स्नातक द्वितीय वर्ष की लिखित परीक्षा दिये थे, के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया।

1. सत्र 2019–20 के स्नातक प्रथम वर्ष के कुछ विषयों की लिखित परीक्षा सम्पन्न हुई थी एवं शेष विषयों की परीक्षा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत स्थगित कर सभी छात्र/छात्राओं को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रमोट कर दिया गया था। ऐसे छात्र/छात्राएं जो सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम वर्ष की लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये थे एवं 2021 में स्नातक द्वितीय वर्ष की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हो गये थे, ऐसे छात्र/छात्राओं के प्रथम वर्ष के बैकपेपर हेतु आवेदन किये जाने की दशा में, उनके द्वितीय वर्ष के अंक को प्रथम वर्ष में अन्तरित करते हुए परीक्षाफल घोषित किया जायेगा, यदि ऐसे छात्र द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण हैं तो उन्हें द्वितीय वर्ष के उन समस्त विषयों के जिनमें वे अनुत्तीर्ण हैं, उनके बैकपेपर परीक्षा देने होगें और तद्नुसार प्रथम वर्ष का परीक्षाफल भी घोषित किया जायेगा। उक्त छात्र/छात्राएं द्वितीय वर्ष के बैक पेपर की परीक्षा देंगें साथ ही तृतीय वर्ष की परीक्षा में औपबन्धिक रूप से भाग लेंगे। तृतीय वर्ष का परीक्षाफल प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के बैक पेपर के रिजल्ट के अध्यधीन होगा। ऐसे छात्र/छात्राऐं स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में प्रश्नपत्रवार परीक्षा फार्म भरेगें एवं शुल्क जमा करेगें।
2. उपरोक्त व्यवस्था कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत केवल सत्र 2021–22 के लिए ही लागू होगी। इसे भविष्य में दृष्टान्त नहीं माना जायेगा।
3. ऐसे छात्र/छात्राएं जो वर्ष 2021 में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे उनके बैक पेपर/इम्प्रुवमेन्ट पूर्व की भाँति अर्हता के अनुसार परीक्षा फार्म सब्मिशन ऑनलाइन करेगें।
4. सत्र 2019–20 में एम–एससी के कुछ विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई थी तथा शेष विषयों में कोविड–19 के दृहिष्टगत समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमोट कर दिया गया था। ऐसे छात्र/छात्राएं सत्र 2020–21 में एम–एससी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में भाग लिये, परन्तु प्रथम वर्ष की परीक्षा में जिन विषयों की परीक्षा हुई थी उनमें से किसी विषय में अनुत्तीर्ण हो जाने के कारण द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल डिटेन कर दिया गया। ऐसे छात्र/छात्राओं को एम–एससी0 प्रथम वर्ष की बैकपेपर की परीक्षा कराये जाने का परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त डीन एवं सहायक कुलसचिव (अतिगोपनीय/परीक्षा/कोडिंग)।
3. प्रभारी–पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. वैय0 सहायक, वित्त अधिकारी/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक।
5. प्रशासनिक अधिकारी (सेमेस्टर/मेडिकल/मुख्य परीक्षा/गोपनीय)।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक